www.mpboardonline.com

अर्धवार्षिक परीक्षा 2015–16

कक्षा – बारहवीं (H.M.)

विषय – हिन्दी

समय : 3 घण्टा पूर्णांक : 100

प्र.1 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन कर कीजिए। (10)

(प्रगतिवाद, महादेवी वर्मा, रहस्यवाद, 1950, मैथिली शरण गुप्त, छायावादी, रहस्यवाद, 1943ई, भवानी प्रसाद मिश्र, नई कविता।)

1. नई कविता की कालावधि .... से अब तक मानी गई है।
2. ''पंचवटी के रचनाकार ....थे।
3. हिन्दी कविता में आधुनिकता तथा नवीन युग के सूत्रपात का श्रेय ....युग को प्रदान किया जाता है।
4. 'नीरजा' की रचनाकार .... है।
5. 'चिन्तन के क्षेत्र में जो अद्वैतवाद है वही भावना के क्षेत्र में .... है।
6. प्रथम तार– सप्तक का प्रकाशन .... में हुआ।
7. 'सन्नाटा' के रचनाकार .... है।
8. .... मानव मूल्यों और संवेदनाओं की कविता है।
9. .... कविता पर मार्क्सवाद का प्रभाव है।
10. राजनीति के क्षेत्र में जो साम्यवाद है, वह काव्य के क्षेत्र में .... है।

प्र.2 सत्य / असत्य में उत्तर दो– (10)

1. आधुनिक हिन्दी कविता का प्रारम्भ 1900 ई. से माना गया है। (   )
2. प्रयोगवादी युग की कालावधि 1943 ई. से 1950 ई. तक मानी गयी है। (   )

www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

3. द्विवेदी युग को हिन्दी साहित्य का प्रवेश द्वार माना जाता है। (   )
4. प्रसाद, पन्त, निराला और महादेवी वर्मा रहस्यवाद के 4 प्रमुख स्तम्भ माने गये है। (   )
5. 'प्रकृति में सूक्ष्म सत्ता का दर्शन ही रहस्यवाद है।' यह कथन मुकुटघर पाण्डेय का है।

प्र.3 सही जोड़ी मिलाइये। (5)

	अ	ब
1.	माखनलाल चतुर्वेदी	कामायनी
2.	केदारनाथ अग्रवाल	सूर्य का स्वागत
3.	जयशंकर प्रसाद	हिमकिरीटिनी
4.	धर्मवीर भारती	फूल नहीं रंग बोलते हैं
5.	दुष्यन्त कुमार	अन्धा युग

प्र.4 अति लघु उत्तरीय प्रश्न– (10)

1. पेरो वट अध्यक्ष किस प्रकार के वस्त्र पहनते हैं?
2. अध्यक्ष गम्भीर किस्म का प्राणी होता है?
3. घर खुलते ही लेखक को कैसा लगने लगा था?
4. एकांकी में तात्या की वाणी का क्या प्रभाव बताया गया है?
5. मेजर भीड़ में तात्या टोपे को पकड़ने के लिए क्या सुझाव दिया?

प्र.5 लघु उत्तरीय प्रश्न– (35)

1. मीरा के अनसार देह का गर्व क्यों नहीं करना चाहिए?
2. ''गोरे नंद जसोदा गोर', तुम कत स्याम सटीट'' यह पंक्ति किसने किससे और क्यों कही है।
3. बहन–भाई का 'ध्रुव तारा' क्यों कहा गया है?

www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

4. रत्नाकर की गोपियों के मन में कौन बसा है? उनके विचार स्पष्ट कीजिए?

5. उद्धव के ब्रज आगमन की गोपियों पर क्या प्रतिक्रिया हुई।

प्र.6 दीघ्र उत्तरीय प्रश्न– **(10)**

1. ''नदिया जल कोयला भई'' से कबीर का क्या तात्पर्य है?

2. रेवती का चरित्र–चित्रण कीजिए?

3. गजाधर बाबू के घर जाने से पहले उनके घर की क्या स्थिति थी?

प्र.7 सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (सन्दर्भ–प्रसंग काव्य सौंदर्य सहित)

मैया मैं नाहीं दही खायों

ख्याल परे थे सखा सबै मिलि, मेरे मुख लपटायो।।

देखि तुही सीके पर माजन, ऊँचे घर लटकायो।

तही निरखि नान्हे कर अपने, मैं कैसे करि पायो।।

मुख सॉंट मुसुकाई तबहि, गहि सुत को कंठ लगायों,

बालविनोद मोद मन मोहो भक्ति प्रताप दिखायो।

सूरदास प्रभु जसुमति के सुख, शिव विरौचे बौरायो।।

प्र.8 निम्नलिखित में किसी एक विषय पर निबंध लिखे। **(10)**

समाचार पत्रों की उपयोगिता

या

कम्प्यूटर के क्षेत्र में भारत की प्रगति

प्र.9 निम्नलिखित वाक्यों को दिए गए निर्देशानुसार बदलिए। **(4)**

1. सूर्य पश्चिम में अस्त नहीं होता है। (विधानवाचक वाक्य)

www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

2. बहुत लम्बी रेलगाड़ी है। (विस्मयादिवाचक वाक्य)

3. तुम पढ़ने कब जाओगे। (आज्ञावाचक वाक्य)

4. माला नहीं नाचेगा। (प्रश्नवाचक वाक्य)

प्र.10 निम्नलिखित सामायिक शब्दों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए। (3)

1. नीलकण्ठ 2. दुःख सागर 3. जीवन संध्या

4. नर–नारी 5. धर्म चक्र।

प्र.11 नीचे दिए शब्दों में से मूल शब्द, उपसर्ग, और प्रत्यय अलग कीजिए। (3)

1. अध्यक्षता 2. अनुकरण 3. सम्माननीय

4. गम्भीरता 5. असामान्य 6. विदेशी।

प्र.12 निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (4)

1. निर्झर 2. कर्कश 3. प्रकाश 4. उल्लास

प्र.13 परीक्षा अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) पर प्रतिबन्ध लगाने के सम्बन्ध में एक–पत्र जिलाधीश महोदय को लिखना। (10)

प्र.14 भाषा एवं विभाषा में दो अन्तर लिखिए? (5)

प्र.15 निम्न में से किसी एक पर जीवन परिचय लिखो। (5)

1. महोदवी वर्मा

या

2. मैथिलीशरण गुप्त

www.mpboardonline.com